प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुंबई में चल रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स में आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन–राजस्थान की स्टॉल पर एनिमेशन और विजुअल इफेक्ट सहित अन्य नवाचार प्रदर्शित।
- राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए इस माह के अखिरी सप्ताह में उप चुनाव होंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चिकित्सा विभाग को लू–तापघात से आमजन को राहत पहुंचानें के निर्देश दिए।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से हीट वेव से राहत–आज भी कई स्थानों पर आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

000000

मुंबई में चल रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सामुदायिक रेडियो केंद्रों को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने और सर्वोत्तम परम्पराओं को साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। इस बीच, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन आज भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्थाः एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। श्वेत पत्र भारत के तेजी से बढ़ते लाइव मनोरंजन उद्योग का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। सम्मेलन में मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के वर्ष 2024–25 के आंकडों से संबंधित हैंडबुक भी जारी की जाएगी। इससे पहले कल क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का पहला सत्र संपन्न हो गया। इसके अंतर्गत एनीमेशन, गेमिंग, फिल्म निर्माण, एआई, संगीत की अलग–अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार सृजन क्षेत्र में कोई पुरस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में एक प्रमुख उपलब्धि साबित होगी।

.....

इस बीच वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले दो दिन में वेव्स बाजार में फिल्म, संगीत, एनीमेशन, रेडियो और वीएफएक्स क्षेत्रों में अब तक 254 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि सम्मेलन में अभी दो दिन और शेष हैं, इसलिए यह आंकड़ा काफी बढ़ने की उम्मीद है। वेव्स सम्मेलन में लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों ने अपने नवाचार प्रदर्शित किये है। इनमें राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग तथा पर्यटन विभाग की स्टॉल लोगों को खासा आकर्षित कर रही है।

......

राजस्थान की इस खास स्टॉल पर एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएलिटी–एवीजीसी के क्षेत्र में नवाचारों की झलकियां पेश की जा रही हैं। इस स्टॉल पर प्रदेश के पांच स्टार्टअप्स को विशेष स्थान दिया गया है, जो गेमिंग और कॉमिक्स के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उदयपुर से संचालित स्टार्टअप आर्टिप्लेक्स अपने प्रोडक्ट 'इतिहासम' के माध्यम से प्रदेश के योद्धाओं और ऐतिहासिक किलों की गौरवशाली कहानियों को जीवंत कर रहा है। वहीं, गोगूंज कंपनी 7–8 मिनट की लघु वीडियो फिल्मों और विज्ञापनों को 12 भाषाओं में प्रस्तुत कर विज्ञापन जगत के लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। स्टॉल पर देश की विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि और युवा, राजस्थान के स्टार्टअप्स के बारे में जानने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा में विभाग के संयुक्त सचिव संजय जगदीश कार्णिक ने ।टळ၆ नीति के तहत राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे प्लेटफॉर्म, ग्रांट्स और अटल इनोवेशन स्टूडियो एक्सेलेरेटर के माध्यम से निर्मित इकोसिस्टम की जानकारी साझा की।

.....

00000

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों पर इसी माह के अखिरी सप्ताह में उप चुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए कलेण्डर जारी कर दिया है। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 26 मई को मतदान होगा। जिला प्रमुख और प्रधान के लिए 28 मई और उप प्रधान के लिए 29 मई को वोट डाले जायेंगे। पंच और सरपंच के लिए 26 मई को चुनाव होगा। उप सरपंच के लिए 27 मई को मतदान किया जायेगा। आयोग के अनुसार पिछले वर्ष जून से दिसम्बर तक विभिन्न कारणों से खाली हुए पदों पर ये चुनाव कराये जायेंगे। इनमें जिला प्रमुख का एक, प्रधान के दो, उप प्रधान का एक, जिला परिषद के नो सदस्यों के चुनाव शामिल है। इन चुनावों के लिए अधिसूचना 9 मई को जारी की जायेगी।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चिकित्सा विभाग को लू–तापघात और गर्मी जनित बीमारियों से आमजन को राहत पहुंचानें के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा है। उन्होंने जिला कलक्टरों को नियमित तौर पर अस्पतालों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। श्री शर्मा ने कल जयपुर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में इस वर्ष तक 12 प्रमुख सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने एम्बुलेंस की संख्या में भी बढ़ोतरी के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कल सिविल सेवा परीक्षा में प्रदेश से चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे उत्कृष्ट लोक सेवा के माध्यम से हमेशा राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

00000

राजस्थान और हरियाणा के कुछ हिस्सों में तत्काल पानी की कमी से निपटने के लिए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कल नई दिल्ली में एक बैठक की। इसमें भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के बांधों से आठ दिनों के लिए अतिरिक्त चार हजार पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ने पर चर्चा की गई। इसमें राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित बोर्ड के साझेदार राज्यों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बांधों के भरने पर बोर्ड जरूरत के हिसाब से पंजाब को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराएगा।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आतंकवाद को एक वैश्विक चुनौती बताते हुए इससे निबटने के लिए दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों से साथ आने की अपील की है। श्री बिरला ने आज नई दिल्ली में जापान की ससंद के हाउस आफ रिप्रेसेंटेटिव के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो के साथ मुलाकात के अवसर पर यह बात कही। लोकसभा अध्यक्ष ने आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने आपसी विश्वास तथा अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के प्रति सम्मान की भावना पर आधारित सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिया।

00000

राज्य में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों के तहत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' अभियान की शुरुआत की है। उपमुख्यमंत्री ने अभियान का नया लोगो और थीम सॉन्ग भी जारी किया है। यह लोगो और गीत लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने बताया कि बाल विवाह की आशंका होने पर लोग चाइल्डलाइन 1098 या महिला हेल्पलाइन 181 पर जानकारी दे सकते है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और बाल अधिकार विभाग के सहयोग से राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें बाल कल्याण समितियों, बाल संरक्षण इकाइयों, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों और सामाजिक संगठनों सहित 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

0000

प्रदेश में कल कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर स्थानों पर 3 से 5 डिग्री की गिरावट आई है। इससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। हालांकि तेज अंधड से कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। चूरू, पाली में इस दौरान पेड़, बिजली के खंभे और सोलर पैनल उखड़ गए। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आंधी से बिजली के खम्भे गिरने से कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

.....

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मेघगर्जन के साथ आंधी बारिश की गतिविधियां आगामी एक सप्ताह के दौरान राज्य के कई भागों में जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज भी अलवर, भरतपुर, टोंक जिलों और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बरसात और तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अजमेर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, भीलवाडा, जयपुर में कहीं—कहीं हल्की बरसात और धूलभरी हवा चलने का यलो अलर्ट हैं।

0000